# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक:305 /भण्डार/2024 भोपाल, दिनांक: 26/12/2024

**सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत समाज शास्त्र विभाग हेतु STATISTICAL SOFTWARE क्रय की ई–निविदा वर्ष–2024**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के समाज शास्त्र विभाग हेतु "**STATISTICAL SOFTWARE क्रय की प्रथम ई–निविदा वर्ष– 2024**" अधिकृत विक्रेताओं से ऑन–लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, शर्ते एवं विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने के हेतु वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर लॉग–ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000–00 (रू. एक हजार मात्र) तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 45,000–00 (रू. पैंतालीस हजार मात्र) है। इन्हें ऑन–लाईन निविदा के साथ जमा किया जाना है।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 15,00,000–00 (रू. पन्द्रह लाख मात्र) है। प्रकाशन पश्चात् निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा ऑन–लाईन प्रस्तुत करने एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है:–

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 26/12/2024 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Dowload / Sale Start Date | 26/12/2024 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 26/12/2024 | |
| 04 | Document Download/Sale End date | 15/01/2025 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 15/01/2025 | |
| 06 | Bid Opening Date | | |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब–साईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

कुलसचिव

(भण्डार)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

"STATISTICAL SOFTWARE क्रय की प्रथम ई–निविदा वर्ष– 2024"

भाग–1

निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया सम्बन्धी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय, भोपाल की वेब–साईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

1.2 STATISTICAL SOFTWARE क्रय की खुली ई–निविदा को वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। प्रकाशन के पश्चात निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिती में संशोधन की जानकारी वेब–साईट (https://mptenders.gov.in एवं www.bubhopal.ac.in) पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू0 15,00,000–00 (रू. पन्द्रह लाख मात्र) है।

1.3 निविदा ऑन–लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:–

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Tender Published Date | 26/12/2024 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Tender Document Download / Sale Start Date | 26/12/2024 | |
| 03 | Tender Bid Submission Start Date | 26/12/2024 | |
| 04 | Tender Document Download/Sale End date | 16/01/2025 | |
| 05 | Tender Bid Submission End Date | 16/01/2025 | |
| 06 | Tender Bid Opening Date | 17/01/2025 | |

1.4 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा यदि नही खोली जा सकती तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर खोली जाएगी।

**प्रक्रिया–1:** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000–00 (रूपये एक हजार मात्र) हैं तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 45,000–00 (रू. पैंतालीस हजार मात्र) हैं। यह राशि ऑन–लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।

उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा।

**प्रक्रिया–2 :** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पाई जाने वाली फर्मो की ही तकनीकी निविदा खोली जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित पृथक–पृथक नम्बरिंग करने के उपरान्त स्केन कर अपलोड किए जाने हैं।

**प्रक्रिया–3 :** उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पाई जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को ऑन–लाईन प्रस्तुत किया जाना है।

## भाग–2
## तकनिकी निविदा की अर्हकारी शर्ते

2.1 निविदाकर्ता फर्म अथवा निर्माता कंपनी द्वारा पिछले पॉच (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24) में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो में किसी शैक्षणिक शासकीय/अर्द्धशासकीय/संस्था, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में STATISTICAL SOFTWARE क्रय का कार्य किया गया हो। इससे संबंधित संस्थान का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें।

2.2 निविदाकर्ता द्वारा पिछले पॉच (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24) वर्षो में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षों में न्यूनतम रू. 15,00,000-00(रू. पैंतालीस लाख मात्र) प्रतिवर्ष का टर्न ओवर होना अनिवार्य है। **निविदाकर्ता को टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र संलग्न करें।**

**2.3** निविदाकर्ता फर्म का किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय/संस्था, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। ब्लेक लिस्टेड के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी यदि है तो प्रदान करना अनिवार्य है। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, तथा शपथ पत्र में सभी निर्धारित शर्तो का पालन निविदाकर्ता द्वारा किया गया है के संबंध में भी उल्लेख होना चाहिए। शपथ पत्र रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। (शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न हैं।)

2.4 निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करें:–
(क) जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।
(ख) आयकर (PAN CARD) कार्ड की छाया प्रति संलग्न करें।
(ग) संस्था/फर्म/कंपनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

**2.5** आयकर के पिछले तीन (2021–22, 2022–23, 2023–24) ऐसेसमेन्ट वर्ष के रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करें।

2.6 निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय किए जाने वाले STATISTICAL SOFTWARE क्रय का निर्माता कंपनी/अधिकृत डीलर होने को प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक हैं।

2.7 निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय किए जाने वाले STATISTICAL SOFTWARE उपकरण की गारंटी/वारंटी प्रमाण पत्र भी देना आवश्यक है।

2.8 निविदा के साथ उपकरण का केटलॉग, जिसमें उपकरण का मेक मॉडल दर्शित हो प्रस्तुत करना आवश्यक है।

2.9 निविदा के साथ STATISTICAL SOFTWARE क्रय के स्पेसिफिकेशन, निविदाकर्ता फर्म द्वारा प्रस्तुत उपकरण STATISTICAL SOFTWARE क्रय के स्पेसिफिकेशन से पूर्णतः मिलान करते है। इसका तुलनात्मक पत्रक (Comperision Sheet) निविदा के साथ प्रस्तुत है।

2.10 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000–00 (रूपये एक हजार मात्र) वापसी योग्य नही है।

2.11 मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु ओर माध्यम उद्योगों को शासन द्वारा निविदा में प्राथमिकता के लिए वैद्य एवं जीवित उद्यम सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

2.12 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ट पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न न किया माना जावेगा।**

2.13 **निविदा के साथ ऑन–लाईन जमा किए जाने वाले समस्त प्रपत्रों की चैक लिस्ट की सूची निविदा के कमांक अनुसार पेज नम्बर सहित अनिवार्य रूप से संलग्न करें। अनावश्यक प्रपत्र संलग्न एवं आवश्यक प्रपत्र संलग्न न करने पर निविदा निरस्त की जा सकती है।**

## भाग–3
## निविदा की अन्य शर्ते

3.1 सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध के पूर्व निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किया जावेगा। यदि फर्म द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति अथवा जानकारी असत्य पाई जाती है तो निविदा को निरस्त करने एवं सुरक्षा निधि/बैंक गारंटी/डी.डी जब्त करते हुए ब्लैक लिस्ट करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।

3.2 निविदा में सफल फर्म को निविदा के कुल मूल्य की 03 प्रतिशत बैंक गारंटी/डी.डी. भोपाल जिला मुख्यालय में स्थित राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा से तैयार कर विश्वविद्यालय में अनुबंध के साथ जमा करना होगा। डी.डी/बैंक गारंटी का बैंक से सत्यापन प्राप्त होने के बाद फर्म की सुरक्षा निधि वापस कर दी जावेगी।

3.3 पात्र पाई गई संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.4 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

3.5 STATISTICAL SOFTWARE संबंधी स्वीकृत स्पेसिफिकेशन के अनुसार प्रदाय करने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर सफल निविदाकर्ता को उनके व्यय पर वापस की जावेगी। STATISTICAL SOFTWARE क्रय के उपकरण डुप्लीकेट या मूल निर्माता कम्पनी की न होने पर निविदाकर्ता पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

3.6 STATISTICAL SOFTWARE प्रदाय सन्तोषजनक न होने या सफल निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में सफल निविदाकर्ता का कार्य आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती का अधिकार कुलगुरू, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.7 STATISTICAL SOFTWARE प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

3.8 उपकरणों के गुणवत्ता युक्त प्रदाय न करने एवं प्रदाय में विलम्ब होने पर निम्नानुसार दण्ड अधिरोपित किया जा सकेगाः–

क) त्रुटि :– प्रति त्रुटि पर प्रति यूनिट की दर का 50 प्रतिशत होगा।
(ख) विलम्बः– देयक की कुल राशि का 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह रहेगा।
(दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा।)

3.9 निविदाकर्ता द्वारा वित्तीय निविदा में STATISTICAL SOFTWARE क्रय प्रदाय की वित्तीय दर समान होने पर जिस निविदाकर्ता का टर्न ओवर अधिक होगा विश्वविद्यालय द्वारा उस निविदाकर्ता फर्म का चयन किया जावेगा। इस संबंध में किसी का दावा/आपत्ति मान्य नही होगी।

3.10 वित्तीय निविदा में दरें कर रहित (Without tax) प्रस्तुत की जाना है। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी वित्तीय निविदा प्रपत्र में देवें।

3.11 जिन फर्मो की निविदा मान्य नही होगी, उनकी सुरक्षा निधि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.12 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई सुरक्षा निधि राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।

3.13 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर सकारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.14 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलगुरू बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.15 निविदा विषयक विवाद मे अंतिम निर्णय हेतु कुलगुरू, बरकतउला विश्वविद्यालय, भोपाल अधिकृत होगें।

3.16 निविदा के भाग (5) मे STATISTICAL SOFTWARE की अनुमानित संख्या एवं स्पेसिफिकेशन दर्शित है। इस उपकरण की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है।

3.17 निविदा मे सफल फर्म को विश्वविद्यालय को प्रदाय किए गए STATISTICAL SOFTWARE क्रय का किसी शासकीय ऐजेन्सी से परीक्षण करा कर परीक्षण रिपोर्ट विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना होगा। इस व्यय का वहन निविदा में सफल फर्म द्वारा किया जावेगा।

3.18 वित्तीय निविदा में STATISTICAL SOFTWARE उपकरण प्रदाय का भाड़ा इन्स्टॉलेशन तथा फिटिंग एवं बिजली की सामग्री कनेक्शन, फिटिंग की दर सम्मिलित की प्रस्तुत की जानी है।

3.19 उपकरण से संबधित प्रत्येक बिन्दु का तकनीकी अनुपालन मुद्रित तथा प्रमाणित दस्तावेज तकनीकी निविदा खोलते समय क्रय समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3.20 कस्टम ड्यूटी में छूट हेतु विश्वविद्यालय द्वारा डी.एस.आई.आर. का प्रमाण पत्र सफल निविदाकर्ता फर्म को प्रदान किया जाएगा ताकि विश्वविद्यालय को कस्टम ड्यूटी की छूट का लाभ मिल सकें।

3.21 सफल निविदाकर्ता फर्म का एक अधिकृत प्रमाण–पत्र भी दिया जाएगा जिसमें उल्लेख होगा कि फर्म द्वारा विश्वविद्यालय के उपयोग के लिए उपकरण आयात किया जा रहा है। (यदि उपकरण विदेश से आयात किया जा रहा है)

3.22 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

भाग–4

क्रम अनुसार विवरण की जानकारी निम्नानुसार दस्तावेजों तथा फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कॉपी नीचे दिए गए क्रम अनुसार नम्बरिंग करने के उपरांत अपलोड की जाना है तथा सबसे उपर सारांश एवं पृष्ठ संख्या कहाँ से कहाँ तक है उसका उल्लेख करना जरूरी है। दस्तावेज स्पष्ट एवं पठनीय होना चाहिए इसके अभाव में निविदा विचारणीय नही होगी।

| स.क्र. | विवरण | संलग्न जानकारी का विवरण | फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदा के दस्तावेजों का पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य रूपये 1,000–00(रू. एक हजार मात्र) ऑन लाईन जमा रसीद। | | |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 45,000–00 (रू. पैंतालीस हजार मात्र) ऑन–लाईन जमा की रसीद। | | |
| 03 | निविदाकर्ता फर्म अथवा निर्माता कंपनी द्वारा पिछले पॉच (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24) में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो में किसी शैक्षणिक शासकीय / अर्द्धशासकीय / संस्था, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में STATISTICAL SOFTWARE कय का कार्य किया गया हो। इससे संबंधित संस्थान का कार्य आदेश / प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें। | | |
| 04 | निविदाकर्ता द्वारा पिछले पॉच (2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24) वर्षो में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो में न्यूनतम रू. 45,00,000–00(रू. पैंतालीस लाख मात्र) प्रतिवर्ष का टर्न ओवर होना अनिवार्य है। **निविदाकर्ता को टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र संलग्न करें।** | | |
| 05 | आयकर के पिछले तीन (2021–22, 2022–23, 2023–24) ऐसेसमेन्ट वर्ष के रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 06 | निविदाकर्ता फर्म का किसी भी शासकीय / अर्द्धशासकीय / संस्था, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। ब्लेक लिस्टेड के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी यदि है तो प्रदान करना अनिवार्य है। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, तथा शपथ पत्र में सभी निर्धारित शर्तो का पालन निविदाकर्ता द्वारा किया गया है के संबंध में भी उल्लेख होना चाहिए। शपथ पत्र रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न हैं।) | | |
| 07 | जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। | जी.एस.टी. नम्बर:— | |
| 08 | PAN CARD (आयकर) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 09 | संस्था / फर्म / कम्पनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 10 | निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय किए जाने वाले STATISTICAL SOFTWARE क्रय का निर्माता कंपनी / अधिकृत डीलर होने को प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। | | |
| 11 | निविदाकर्ता का द्वारा प्रदाय किए जाने वाले STATISTICAL SOFTWARE उपकरण की गारंटी / वारंटी प्रमाण पत्र भी देना आवश्यक है। | | |
| 12 | निविदा के साथ उपकरण का केटलॉग, जिसमें उपकरण का मेक मॉडल दर्शित हो प्रस्तुत करना आवश्यक है। | | |
| 13 | मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को शासन द्वारा निविदा में प्राथमिकता के लिए वैद्य एवं जीवित उद्यम सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य है। | | |
| 14 | निविदा प्रपत्र ए—1 संलग्न करें। | | |
| 15 | भाग 5 बी संलग्न करें। | | |

# भाग–5 A

## TECHNICAL SPECIFICATION OF STATISTICAL SOFTWARE

| S.No. | Produet Description |
|---|---|
| | Number of Licenses:-2 users/desktop; Perpetual;<br>Type of Licenses:- Academic Educational<br>Operating System Base: Windows 10 Based |
| 01 | IBM SPSS Statistics base 29.0 (Mandatory) |
| 02 | IBM SPSS Advanced Statistics |
| 03 | IBM SPSS Custom Tables |
| 04 | IBM SPSS Missing Values |
| 05 | IBM SPSS Regression |
| 06 | IBM SPSS Categories |
| 07 | IBM SPSS Exact Tests |
| 08 | IBM SPSS Neural Networks |
| 09 | AMOS |

# भाग–5 B

**TECHNICAL SPECIFICATION OF STATISTICAL SOFTWARE के स्पेसिफिकेशन निविदा में दिए स्पेसिफिकेशन से मिलान करते है अथवा नहीं**

| स.क. | विवरण | फर्म द्वारा प्रस्तुत STATISTICAL SOFTWARE के स्पेसिफिकेशन निविदा में दर्शित स्पेसिफिकेशन से मिलान करते है (हॉ / नही ) |
|---|---|---|
| 01 | STATISTICAL SOFTWARE | |

**शपथ पत्र**
**रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर**
**नोटरी से सत्यापित**

मैं———————————————द्वारा प्रोप्राइटर मेसर्स————————————————— निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि:–

(1) यह कि फर्म को किसी भी किसी शैक्षणिक शासकीय/अर्द्धशासकीय/संस्था, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में से कभी भी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया हैं। पूर्व में ब्लैक लिस्टिंग के संबंध में सभी जानकारियॉ प्रदान की जा रही है और इस शपथ पत्र के साथ संलग्न की जा रही है। मै घोषणा करता हूँ और स्वीकार करता हूँ कि यदि मेरे द्वारा यहा प्रदान की गई जानकारी के अलावा कोई भी जानकारी विश्वविद्यालय के संज्ञान में आती है तो मेरी निविदा निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास होगा।

(2) यह कि फर्म निविदा में दी गई सभी शर्तो को पूर्ण करती है।

(3) यह कि फर्म का निविदा मे दिए गए STATISTICAL SOFTWARE प्रदाय सम्बन्धी कोई भी कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

(4) यह कि फर्म को किसी शासकीय संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था/अशासकीय उपक्रम/बैंक से दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।

(5) फर्म की विरूद्ध किसी भी थाने मे कोई भी अपराधीक प्रकरण पंजीकृत नही है।

(6) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने तथा सुरक्षा निधि जब्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (6) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहिता

**प्रपत्र ए – 1**
**(निविदा प्रपत्र)**

प्रति,

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

विषयः– **समाज शास्त्र विभाग हेतु "STATISTICAL SOFTWARE क्रय की प्रथम ई–निविदा वर्ष– 2024"**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| स.क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | निविदाकर्ता फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | निविदाकर्ता फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेंडलाईन) | |
| 06 | ई–मेल | |

## प्रमाण – पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3", "4", "5" , "6" में दर्शित शर्तो के अनुसार STATISTICAL SOFTWARE क्रय हेतु निविदा वर्ष– 2024 का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते है।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

# BARKATULLAH UNIVERSITY, BHOPAL
## PRAPATRA A-2
## PRICE BID

| | |
|---|---|
| FIRM NAME | |

| स.क्र | उपकरण की निविदा | उपकरण की अनुमानित संख्या | दर प्रति नग रु. | कुल दर रू |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Equipment 1 : | 01 | | |
| 02 | Equipment 2 : IBM SPSS AMOS | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | GST RATE | |
| 2 | GST RATE | |
| 3 | GST RATE | |